30 नवंबर, 2021

'आजादी का अमृत महोत्सव' के भाग के रूप में रामगंज, जयपुर में जीआईएस सबस्टेशन का उद्‌घाटन

- आईपीडीएस योजना के अंतर्गत निष्पादित परियोजना के लिए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन नोडल एजेंसी है -

रामगंज, जयपुर शहर, 30 नवंबर 2021: जयपुर के लोगों के लिए विद्युत आपूर्ति में सुधार के निमित्त एक अन्य पहल में, 'आजादी का अमृत महोत्सव' के भाग के रूप में रामगंज, जयपुर शहर में आज 33/11 केवी जीआईएस सबस्टेशन का उद्‌घाटन किया गया।

जीआईएस सब-स्टेशन का उद्‌घाटन श्री भंवर सिंह भाटी, माननीय राज्य ऊर्जा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार ने वर्चुअल मोड के माध्यम से किया। श्री अमीन कागजी, विधायक, किशनपोल (जयपुर) और श्री रफीक खान, विधायक, आदर्श नगर (जयपुर) विद्युत भवन, जयपुर से वीसी के माध्यम से जुड़े। इस अवसर पर श्री भास्कर ए. सावंत, आईएएस, अध्यक्ष डिस्कॉम, राजस्थान सरकार, श्री नवीन अरोड़ा, एमडी, जेवीवीएनएल, श्री सौरव कुमार शाह, कार्यपालक निदेशक, पीएफसी (वर्चुअली), श्री के पी वर्मा, निदेशक (तकनीकी), जेवीवीएनएल, श्री डी के शर्मा, मुख्य इंजीनियर, पीपीएम सहित पीएफसी और विद्युत संस्थाओं के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
33 के.वी. जीआईएस सब- स्टेशन रामगंज - II, जयपुर
का
लोकार्पण
श्री भंवर सिंह भाटी
माननीय ऊर्जा मंत्री, राजस्थान सरकार
के कर कमलों द्वारा
एवं
श्री रामचरण बोहरा
माननीय सांसद, जयपुर शहर
श्री अमीन कागजी
माननीय विधायक, किशनपोल, जयपुर
श्री रफीक खाँन
माननीय विधायक, आदर्श नगर, जयपुर
के विशिष्ट आतिथ्य में
मंगलवार, 30 -11- 2021 को सम्पन्न हुआ।


जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
33/11 के.वी. GIS सब–स्टेशन
रामगंज, जयपुर का
लोकार्पण समारोह
मंगलवार, 30 नवम्बर 2021

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन, एक महारत्न सीपीएसई और भारत की अग्रणी विद्युत क्षेत्र आधारित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी, आईपीडीएस योजना के अंतर्गत निष्पादित परियोजना के लिए नोडल एजेंसी है, जबकि यूपी राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड (यूपीआरएनएन) परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी है।

रामगंज में जीआईएस सब-स्टेशन 7.50 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है और इससे करीब 4000 उपभोक्ताओं को लाभ होगा, जिससे रामगंज और इसके आसपास के क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

आईपीडीएस योजना के अंतर्गत जयपुर डिस्कॉम के लिए चार जीआईएस सबस्टेशन संस्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से एक जीआईएस सबस्टेशन का उद्घाटन पिछले महीने जयपुर शहर में किया गया था और शेष दो को जल्द ही चालू कर दिया जाएगा।

हाल के दिनों में, पीएफसी ने वितरण नेटवर्क को सुदृढ़ करने और विद्युत प्रणाली की विश्वसनीयता एवं गुणवत्ता बढ़ाने के लिए देश के विभिन्न शहरों में आईपीडीएस योजना के अंतर्गत विभिन्न सबस्टेशन और आरटी-डीएएस सिस्टम चालू किए हैं।